**खबर संक्षेप**

## आज से मत्स्याखेट प्रतिबंधित

**मण्डला।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने अधिसूचना जारी कर कहा है कि वर्षाऋतु में मछलियों की वंशवृद्धि के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में अधिघोषित किया गया है। म.प्र. शासन मछली पालन विभाग के अनुसार छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी व नाले से नही है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों, जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय अथवा परिवहन करना भी प्रतिबंधित हैं। इन नियमों के उल्लंघन पर म.प्र. राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपये तक का जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। मत्स्य समितियों, मत्स्य समूहों, निजी मत्स्यपालकों एवं जन साधारण को सूचित किया जाता है, कि वे 16 जून 2024 से 15 अगस्त 2024 तक किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य विनिमय, परिवहन न तो स्वयं करें, न ही इसमें किसी अन्य को सहयोग दें अन्यथा उल्लंघन करने पर उपरोक्त नियमों के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम 21 जून को

**मण्डला।** कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने 21 जून 2024 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग प्रदर्शन कार्यक्रम, योग सेमिनार एवं योग कार्यशालाओं का आयोजन वृहद पैमाने पर किए जाने को कहा है। योग प्रदर्शन का यह कार्यक्रम संपूर्ण प्रदेश में एक ही समय पर आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए राज्य शासन द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। योग एक शारीरिक एवं आत्मिक क्रिया है, जिसका धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। यह सामूहिक योग प्रदर्शन पूर्णतः स्वेच्छिक है, किन्तु प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं एवं शासकीय संस्थाओं में इसे आवश्यक रूप से आयोजित किया जाए।

### नैनपुर के भैसवाही में पुलिस ने दी दबिश

# गौवंश वध पर 11 पर एफआईआर दर्ज

*** 150 जीवित गौवंश को कराया मुक्त।**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नैनपुर

थाना नैनपुर अंतर्गत ग्राम भैंसवाही में गौवंश की तस्करी एवं गौवंश को लाकर वध किये जाने के संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस अधीक्षक मंडला के निर्देशन पर एसडीओपी नैनपुर नेहा पच्चसिया के नेतृत्व में थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेव सिंह मुजालदा द्वारा थाना नैनपुर की पुलिस टीम के साथ ग्राम भैसवाही में दबिश दी गई। दबिश के दौरान ग्राम भैसवाही में 11 घर ऐसे मिले जहां पर गौवंश व उनके अवशेष प्राप्त हुए। जिन्हें जब्त करते हुए पुलिस टीम द्वारा सभी 11 आरोपियों के विरूद्ध थाना नैनपुर में पशु क्रूरता अधिनियम व गौवंश वध प्रतिषेध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

पुलिस टीम द्वारा दबिश के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार की है, जिससे पूछताछ जारी हैं। शेष अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाई गई है। जिनकी तालाश जारी है। पुलिस टीम द्वारा ग्राम भैंसवाही में शुक्रवार की देर रात दबिश दी गई। दबिश के दौरान 11 घरों में गौवंश के अवशेष, घरों के आसपास खेतों व तबेले में लगभग 150 की संख्या में जीवित गौवंश मिले थे। जिन्हें पुलिस टीम द्वारा मुक्त कराया गया एवं 85 पशुओं को प्रशासन के सहयोग से सुरक्षित गौशाला पहुंचाया गया।

### आरोपियों के खंगाले जा रहे रिकार्ड

थाना नैनपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार आरोपी से सघन पूछताछ की जा रही है। थाना नैनपुर पुलिस द्वारा एफआईआर किये गये सभी 11 अपराधियों के रिकार्ड खंगाल रही है। जिनमें से दो आरोपी ऐसे भी हैं जिनके विरूद्ध पूर्व के भी अपराध पाये गये हैं। उनके विरूद्ध पृथक से विधिवत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

### 11 घरों में चलाया जा रहा बुलडोजर

पुलिस टीम द्वारा की जा रही कार्यवाही के दौरान घटना की सूचना राजस्व विभाग को दी गई। जिसमें राजस्व विभाग द्वारा घरों को चैक करने पर सभी 11 घर पूर्णतः अवैध रूप से अतिक्रमण होना पाया गया। भैंसवाही के सभी 11 घरों में राजस्व विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने से संबंधित कार्यवाही पृथक से की जा रहीं है। बताया गया कि भारी सुरक्षा के बीच राजस्व विभाग द्वारा बुलडोजर से कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाये जा रहें हैं।

### मौके पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स

ग्राम भैसवाही में दी गई दबीश एवं कार्यवाही के दौरान देर रात पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित भारी मात्रा में थाना नैनपुर जिला मुख्यालय व थाना का पुलिस बल उपस्थित रहा।

### जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से निवेदन

मंडला जिले के नैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भैंसवाही में मकान पर बोलडोजर की कार्रवाई को लेकर संदेह की स्थिति पैदा हो रही है। प्रशासन के द्वारा जिन 11 मकान को तोड़ा गया है वह यह बताकर तोड़ा गया है कि इनके द्वारा अवैध रूप से बनाए गए मकान है और मकान पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की गई है। प्रशासन को इसकी जांच करना चाहिए कि उनकी वास्तविक मलिकाना हक वाला मकान कहां पर है एवं उस मकान पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाही की जाना चाहिए। यदि घास मद की जमीन अवैध कब्जा पर बुलडोजर चलाकर तोड़ा जाना केवल औपचारिकता कार्रवाही कहलाएगी। असली कार्यवाही उनके वास्तविक मकानो को तोड़कर होनी चाहिए।





## जल स्त्रोतों को संरक्षित करना हमारी सम्मिलित जिम्मेदारी-संपतिया उइके



*** सूर्यकुंड में आयोजित किया गया जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मंडला विकासखंड के ग्राम सकवाह के सूर्यकुंड धाम में जल संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, इसलिए जल स्त्रोतों को संरक्षित करना हम सबकी सम्मिलित जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में उन्होंने श्रमदान के माध्यम से सूर्यकुंड घाट में एकत्रित मिट्टी हटाया एवं कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का भूजिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, उपाध्यक्ष कमलेश तेकाम, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य संदीप सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पीएचई मंत्री ने कहा कि जल के स्त्रोत प्रकृति के वरदान हैं जिनका संरक्षण के लिए सभी को जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। नदी, तालाब, कुआँ, बावड़ी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए वृहद अभियान चलाया जा रहा है। भावी पीढ़ी को स्वस्थ जीवन मिले इसके लिए हमें प्रदेश के मुख्यमंत्री के इस पवित्र संकल्प को मिलकर पूरा करना है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि आज हमें अपने सभी जल स्त्रोतों को बचाना और उन्हें बढ़ाना बहुत जरूरी है इसके लिए हमें पेड़ लगाने और उसे जीवित रखने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और सुरक्षित जीवन के लिए जल और पर्यावरण सरंक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। श्री कुशराम ने कहा कि अपने घरों के पास सोख्ता गड्ढा का निर्माण करें और घर से निकलने वाले पानी को संरक्षित करें जिससे भूमिगत जल स्तर भी बढ़ेगा।

### सूर्यकुंड धाम का किया जायेगा सौन्दर्यीकरण

पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सूर्यकुंड धाम का सौंदर्यीकरण किया जाना है। धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए शेड निर्माण कराया जाएगा। साथ ही सड़क के दोनों तरफ लाईट भी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्राउंड में फेन्सिंग का कार्य किया जाएगा जिससे अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो सके। पीएचई मंत्री ने कहा कि विधायक निधि से पुरवा घाट का जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाएगा।

## अभियान में हर व्यक्ति एक वृक्ष लगाकर अपना योगदान दे

*** शासकीय पुरातत्व संग्रहालय में वृक्षारोपण।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर मंडला के आह्वान पर व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में शासकीय पुरातत्व संग्रहालय मंडला केकर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिला पंचायत से श्रीमती रितु तिवारी प्रोजेक्ट ऑफिसर मनरेगा को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण करते हुए लोगों से अपील की है कि शासन द्वारा चलाए गए अभियान में हर व्यक्ति एक वृक्ष लगाकर अपना योगदान दे और अपने पंचायत स्तर पर जल स्त्रोतों के संरक्षण में आगे आए।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में श्रीमती सुलोचना मरावी, श्रीमती बिंदु, विशाल मेरावी, मनीष चंद्रोल उपस्थित रही। कार्यक्रम का संयोजन आर क्षत्री पर्यावरण सदस्य एवं जिला जैव विविधता सदस्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने बताया गया कि शासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को 15 अगस्त तक विद्यालय एवं समस्त कार्यालय में वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम को अभियान के तर्ज पर चला जाएगा।

### श्रमदान से घाटों की सफाई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मण्डला।** जिले में जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुआँ बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रातों के संरक्षण पुर्नजीवन हेतु 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर घाटों, पुरातात्विक स्थलों, मंदिरों आदि सार्वजनिक स्थलों पर जन सहयोग से साफ सफाई, जीर्णोद्वार तथा उक्त स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, मंदिरों, घाटों पर आरती आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## 7 वीं बार बने मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का प्रथम आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/अंजनिया



13 जून को जिले के मवई विकासखंड पर अल्प प्रवास पर रहे मण्डला सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते का देर रात लौटनें के दौरान उनका आगमन अंजनिया हुआ। इस दौरान मंडल के कार्यकर्ताओं ने एन एच 30 अंजनिया के नजदीक बड़ा देव मंदिर बायपास पर श्री कुलस्ते का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। तत्पश्चात वहां से आरंभ हुई वाहन रैली नगर का भ्रमण करते बस स्टैंड पहुंची। जहां भारी संख्या पर पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

इस दौरान रैली बस स्टैंड अंजनिया पहुंची जहां परिसर पर सांसद का मिष्ठान से तुलादान किया गया। इसके पश्चात वाहन रैली गायत्री मंदिर परिसर को प्रस्थान की जहाँ रैली का समापन होकर मंदिर प्रांगण में कार्यकर्ता मिलन एवं आभार सभा संपन्न हुई।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अखिल सिहारे, मंडल अध्यक्ष नीरज पटैल, जनपद सदस्य महेंद्र पटेल एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता गण, बूथ अध्यक्ष, एवं मंडल कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

**अभियान** | **जल संरक्षण और संवर्धन हम सभी नागरिकों का कर्तव्य-संपतिया उइके।**

# सूरजकुण्डधाम में किया गया वृक्षारोपण एवं श्रमदान

*** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है जिसके तहत क्षेत्रों की नदियों, जलस्त्रोतों को स्वच्छता प्रदान कर जनजागरण किया जाना है ताकि प्रदेश के हर गांव में पानी के उपयोग एवं उसके सभी जलस्त्रोतों को बचाने की सभी नागरिकों को जिम्मेदारी तय हो सके। इस अभियान के तहत मण्डला विधानसभा क्षेत्र के सूरजकुण्ड धाम ग्राम रामबाग सकवाह में मण्डला विधायक मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके इस कार्यक्रम में शामिल होकर मां नर्मदा की स्वच्छता एवं पूजन तथा वृक्षारोपण कर उपस्थित नागरिकों को प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का संदेश प्रदान करते हुए कहा कि हमारी नदियां, तालाब, कुंआ, बावडी सहित सभी जलस्त्रोत हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा हैं हम बचपन से यह संदेश सुनते और बुनते चले आ रहे हैं कि जल है तो जीवन है हम सबके सामूहिक प्रयासों से आने वाली पीढ़ी और अपने भविष्य के लिए 100 फीसदी हम पानी की व्यवस्था कर सकते हैं यदि हम आज से ही जागरूक होकर जल संरक्षण एवं संवर्धन के इस अभियान में अपनी पूरी भागीदारी सुनिश्चित करें। श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के प्रयासों से संपूर्ण मध्य प्रदेश के गांव में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल हर घर जल की महत्वाकांक्षी योजना सरकार चला रही है। जिसके तहत गांव-गांव में घर-घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि प्रतिदिन नगर के प्रमुख नर्मदा घाटों में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा मां नर्मदा की पवित्र घाटों में स्वच्छता अभियान प्रातः एवं सायंकाल भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी की उपस्थिति में चलाया जा रहा है रपटा घाट में चलाये जा रहे जल संरक्षण एवं संवर्धन अभियान के तहत अनेक सामाजिक संगठन एवं स्थानीय नगरीय प्रशासन शामिल होकर सहयोग प्रदान कर रहे हैं जिसके तहत रपटा घाट में स्वच्छता को लेकर स्थानीय नागरिकों में भी उत्साह है। सूरजकुंड में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत सदस्य संदीप सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष थामन बरमैया, नलिन हुंका, कालका भलावी, दुष्यंत कछवाहा, केशु कछवाहा, श्रीमती दीपा श्रीवास, श्रद्धा कुर्वेती, जागेश्वर कछवाहा, क्षेत्रीय जनपद सदस्य, सरपंच एवं स्थानीय नागरिक गण उपस्थित थे।



## किसान के खेत से पानी की मोटर चोरी करने वाले शातिर बदमाश नैनपुर पुलिस की गिरफ्त में

**मण्डला।** दिनाक 7/3/24 को किसान बहादुरसिंह भलावी पिता सुन्दरसिंह भलावी निवासी धर्राची के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की खेत मे सीचाई हेतू रखी मोटर पम्प को रात्रि में अजात चोर चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध कर घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को अवगत कराई गई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा व एसडीओपी नैनपुर अनुभाग सुश्री नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी नैनपुर निरीक्षक बलदेवसिंह मुजाल्दा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी पिंडरई उप.निरी.राजकुमार हिरकने asi सेवक राम टेमरे, asi गणेश चौधरी की एक विशेष टीम गठित गई। उक्त टीम द्वारा दिनांक 13.06.2024 को आरोपियों को ग्राम पिपरिया घंसौर से गिरफ्तार कर आरोपियों से चोरी किए मश्रुका विद्युत मोटर पम्प एक्वा कम्पनी किमती 19120 रु./- तथा घटना में प्रयुक्त की गयी मोटरसाईकल किमती 55000 की जप्त की गई।

## बीजाडांडी पुलिस ने की सट्टा-पट्टी का खेल खिलाने व लिखने वालो के विरूद्ध कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

थाना बीजाडांडी पुलिस द्वारा आज दिनांक 14/06/2024 को टीम गठित कर सट्टा पट्टी का खेल खिलाने व लिखने वालो के विरूद्ध दबिश देकर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर ग्राम बीजाडांडी मे क्षेत्रीय ग्रामीण बैक के बाजू से आरोपी विमलेश बर्मन पिता स्व. फागू लाल बर्मन उम्र 42 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी जिला मंड़ला के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा पट्टी, जुमला रकम 7700 रूपये तथा एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 178/2024 धारा 4a सट्टा एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया तथा ग्राम खूटापडाव सलैया रोड़ से आरोपी आशोक यादव पिता संतोष यादव उम्र 29 साल निवासी ग्राम बीजाडांडी जिला मंड़ला के कब्जे से एक अंक लिखी सट्टा-पट्टी, नगदी जुमला रकम 3150 रूपये तथा एक नीले रंग का डॉट पेन को जप्त कर आरोपी आशोक यादव के विरूद्ध अपराध क्रमांक 179/2024 धारा 4a सट्टा एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दोनो आरोपियो से कुल 10,850 रूपये की जप्ती की गई। जिसमे थाना प्रभारी बीजाडांडी निरीक्षक अंतिम पंवार, उनि राम किशोर माथरे, उनि मानिक पटले, उनि पंकज विश्वकर्मा, सउनि छवि लाल सूर्यवंशी, सउनि जयराम सैय्याम, प्र.आर. 374 चैन सिंह कुलस्ते, प्र.आर. 472 संतलाल उइके, आर. 530 प्रशांत अवस्थी, आर. 627 रोहित कुमार कुशवाहा, आर. 608 महेन्द्र मार्को, आर. 244 पंचम धुर्वे, आर. 187 अलोक मरावी, आर. 310 खिलेन्द्र, आर. 628 नीरज बाकले, आर. 153 श्रवण पुडिया, आर. 626 हेमराज मर्सकोले, आर, 436 प्रमोद शर्मा की विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में बडे स्तर पर चल रहा है बबूल की कटाई से लेकर अवैध परिवहन का धंधा..

**सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से क्षेत्र की जंगलों को लकड़ी माफियों द्वारा रातो रात सफाया किया जा रहा है जिसको लेकर स्थानीय वन विभाग की कार्य प्रणाली चर्चाओं में बनी हुई है? वही दूसरी ओर क्षेत्र में जहां तहां बबूल के पेड़ो की कटाई होने के साथ उनका अवैध रूप से दूसरे प्रांतों में परिवहन होना वन विभाग के अधिकारियों पर मिली भगत का संदेह पैदा करते हुए जान पड़ रहा है? जबकि शासन द्वारा इस वर्ष लगभग 53 प्रकार के वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगाते हुये उनके परिवहन पर भी प्रतिबंध लगाया गया है जिसमें बबूल भी शामिल होने की बात कही जाने के उपरांत भी देखा जा रहा हे कि धडल्ले से बबूल के पेडों को काटने के साथ साथ उनकी लकड़ी का परिवहन होना अनेक प्रकार के संदेहों को जन्म दे रहा है? मगर क्षेत्र में देखा जा रहा है कि कुछ दूसरे प्रांतो से आये हुए लोगों द्वारा म.प्र. से बबूल सहित अनेक प्रकार के पेड़ो की लकड़ी को ओने पोने दामों में खरीदकर अपने प्रांतों में ले जायी जा रही है। इस संबंध में बताया जाता है कि क्षेत्र में बाहर से आये हुए बबूल माफियों द्वारा यहां से बबूल की लकड़ी खरीदकर अपने प्रांत को अवैधानिक रूप से खुलेआम परिवहन करते हुए देखे जाने के बाद भी बन विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही न करना निश्चित तौर से वन अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर प्रश्न वाचक चिन्ह लगाने से नही चूक रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से धडल्ले से चल रहे लकड़ी के अवैध परिवहन को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत का संदेह पैदा होने से भी नही चूक पा रहा है। इस प्रकार क्षेत्र के गांवों से बबूल के पेड कटने के साथ उनका परिवहन होने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खड़े हुए बबूल के जंगल जहां आज साफ होने के बाद सिर्फ उनके ठूट ही ठूट नजर आ रहे है?

### जेट पम्पों की गहरी खुदाई से जल स्तर में आ रही गिरावट

**गाडरवारा।** भीषण गर्मी का मौसम आने के पहले शक्कर नदी की धाराएं सूख रहीं हैं, साथ ही पारंपरिक जल स्त्रोतो में भी भरपूर पानी शेष नही रह गया है, ये लक्षण शहरवासियों के नजरिए से ठीक नही हैं और संकेत मिल रहे हैं कि यहाँ का जल स्तर गिर रहा है, उधर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आजकल चौबीसों घंटे पानी लेने की चाहत पर घरों में जेट पम्प खुदवाने का चलन बढ़ रहा है। इसी का परिणाम है कि जमीन के अंदर लगातार जलस्तर गिरने की समस्या पैदा हो रही है, वैसे समर्सिबल पम्प भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं लेकिन जेट पम्पों की अधिकता सचमुच चिंता की बात है, उन्होंने बताया कि कायदे से जेट पंप 100 मीटर के फासले में लगवाना चाहिए अन्यथा परिणाम असंतोष जनक होते हैं।

### बिंडों मे अनाज सहेजने का अब भी चलन

**गाडरवारा।** क्षेत्र के गॉवों मे बारिश से अनाज की सुरक्षा के लिए अभी भी बिंडे रखनें का पुराना तरीका चल रहा है। गौरतलब है कि आज भि क्षेत्र के अनेक गांवों में किसानों द्वारा अपने घरों के आंगनों में बुने हुए कुओं के आकार के इन बिन्डों मे रखा अनाज पूरी तरह सुरक्षित रहता है और एक तरह से ये देशी माल गोदाम किसानों के लिए सुविधाजनक होते है, कुछ गांवों में देखा जाता है कि आज भी अपने अनाज को सुरक्षित रखने के लिए लोग बिन्डा बनाकर उसमें अनाज रखते है।

### ओवर लोडिंग वाहनों पर नही है अंकुश

**सालीचौका।** जिस प्रकार से क्षेत्र की सड़को पर अनेक वाहन लगातार ओवर लोडिंग सबारी भरकर दौड़ रहे है उसका ही परिणाम है कि आये दिन घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं लोगों की जान खतरे में पड़ने नही चूक रहे है, मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा इस सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने से ओवर लोडिंग करने वालों के हौसले लगातार बुलंद होते हुए देखे जा रहे है, जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुए माह पुलिस मुख्यालय द्वारा दिये गये आदेश के चलते संपूर्ण प्रदेश में यातायात सप्ताह चलाते हुए इस प्रकार से मनमानी करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगाने की कार्यवाही करने के आदेश दिये गये थे।

---

बच्चों द्वारा अपने पिता के सपनों को साकार करने के लिए समर्पित रहने का लिया जावेगा संकल्प

# आज फादर्स डे पर घरों में देखने मिलेगे खुशियों के रंग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** भारतीय संस्कृति में बच्चों को जन्म देकर उनका स्नेह से पालन पोषण करने वाली माँ का जितना महत्व बताया गया है। उसी तरह किसी बच्चें को संस्कार वान बनाते हुये उन्हें आत्म निर्भर करने के साथ समाज व देश की सेवा करने के लिए सक्षम बनाने में उसके पिता की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना गया है। क्योंकि किसी बच्चे की जिन्दगी को संभालने में उसके माता पिता का ही महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। इसलिये कहा जाता है कि हर बच्चा अपने पिता के नक्से कदमों पर चल रहा है। क्योंकि जो गुण कभी पिता में रहते है वही गुण हर बच्चें में देखने मिलते है और यही कारण है कि खून का रिस्ता कभी झूठा नही होता है। मगर अनेक युवा इस भौतिक बादी युग की चपेट में आ जाने के कारण न तो माता पिता द्वारा दिये जा रहे संस्कारों का ध्यान रख रहे है और ना ही उन्हें वह सम्मान दे पा रहे है जिसके वह वास्तविक रूप से हकदार होते है। यदि किसी युवा जो इस दुनिया में आने के बाद सफलताएं हासिल करता है तो उसके पीछे पिता के संस्कार ही छीपे होते है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो हर किशोर तथा युवा व व्यक्ति को इस दुनियां में लाने वाला पिता ही होता है। यदि पिता नही होता तो वह व्यक्ति इस दुनिया में ही नही होता जो अपने पिता को भुलाकर हर सफलता को अपनी ही उपलब्धि समझने की भूल करने से नही चूक रहा है? यदि व्यक्ति की जिन्दगी की सच्चाई पर गौर किया जावे तो किसी भी व्यक्ति के लिये सबसे बड़ा भगवान उसके माता पिता ही होते है। इसी के चलते आज 15 जून को फादर्स डे पर शहर के घरों में सुखियों के रंग बिखरे हुये नजर आवेगे। वही आज फादर्स डे के मौके पर बच्चों, युवाओं ने उन्हें संरक्षण देने वाले तथा ससत आशीष देकर उनका हौसला बढ़ाने वाले अपने बेटों की जिन्दगी संभालने के लिये अपना सब कुछ दाव पर लगा देने वाले किशोरों से लेकर युवा अपने पिताओं से जुड़ी यादों में डूबते हुए उनके चरण स्पर्श कर अपने पिता का आर्शीवाद प्राप्त करने के साथ साथ उनके सपनों को साकार बनाने का संकल्प लेने से नही चूकेगे। आज अनेक युवाओं ने अपने घरों में माता पिता के चरण धोते हुये उनका सदा ही आदर करने का निर्णय लेने के साथ जिन्दगी भर उनकी सेवा करने का भी भरोसा देने से नही चूकेगे। इस प्रकार से आज फादर्स डे (पिता दिवस)पर आमजनों ने उनका जीवन संवारने वाले अपने पिताओं से जुडे संस्मरण दोहराते हुए अपने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने माँ बाप के संघर्ष, त्याग और स्वयं सुख, सुविधाओं का त्याग कर परिवारजनों को खुशहाल बनाने में जुटे माँ बाप को जिन्दगी में कभी न भूले और उनके नक्शे क दम पर चलने का प्रयास करते हुए अपने पिता को नाम रोशन करे। हरिभूमि टीम ने फादर्स डे को लेकर आमजन से चर्चा की गई तो शहर के अनेक युवाओं की प्रतिक्रिया में अधिकतर किशोर व नौजबनों का कहना था कि जीवन के संग्राम में उतरने से पहले उनके पिता जो सुविधाएं, संबल, मार्ग दर्शन के साथ इस दुनिया दारी की समझ देते है उसके जरिये उनको जीवन में आगे बढ़ने की नई राहे मिल जाती है। क्योंकि दुनिया में किसी बच्चें को सही राह दिखाने वाला सदा उसका पिता ही होता है, जो हर परेशानियों को झेलते हुए बच्चें के भविष्य का उज्जबल बनाने में कोई कसर नही छोड़ता है। इस संबंध में नगर के आयुष भार्गव का कहना है कि आमतौर पर हर बच्चें व युवा पिता मशक्कत से अपनी गृहस्थी की गाड़ी खीचते है। मगर इसके बाद भी बच्चों को अपनी हैसियत से भी बढ़कर सुविधाएं देने से नही चूकते है। बच्चों के प्रति उनकी मात्र एक चाहते होती है कि उनके बच्चे खूब पढ़ लिखकर शालीन, सभ्य नागरिक बने, मेरे मत से फादर्स डे पर बच्चों व युवाओं को यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने पिता जी को खुश रखते हुए उनके सपनो को साकार करने में हर क्षण का उपयोग करे। इसी प्रकार से नगर आर्यन प्रीतवानी का कहना है कि माँ का प्यार अनमोल और पिता की छत्रछाया यादगार होती है। हमारे पापा ने कठिनाईयों को झेलते हुए जिस तरह हम भाई बहिनों की परवरिश की है उसका ऋण उतारना तो मुश्किल है बस जरूरी यह है कि में सदा उनका अदर सेवा करता रहू। वही इंटरनेशनल फादर्स डे पर स्वाभविक है कि युवाओं के पिता उनसे बड़ी उम्मीदे करेगे इस लिहाज से आवश्यक है कि सभी युवा अपने पिता की भावनाओं का सम्मान कर उन्हें उपहार के रूप में सपनों को साकार करने समर्पित होते हुए संकल्प ले। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा निवासी यश सोनी का कहना है कि पिता निश्छलता, प्यार की प्रति मूर्ति होने के साथ साथ अपने दायित्वों के प्रति सचेत रहते है। क्योंकि माँ तो केवल अपने बच्चों की देख भाल करने तक सीमित रहती है पर पिता पर बच्चों की जिंदगी संभारने की जबाबदारी होती है कोई भी पिता बाहरी दुनियां से लेस होता है। इसलिए मेरा मानना है कि बिना हठधर्मि किये बच्चों को अपने पिताश्री की सीख मानते हुए सफलता के मुकाम पर कदम आगे बढ़ाना चाहिए। क्योंकि सदा ही पिता अपने बच्चों को आगे बढ़ते हुये देखना चाहता है। इसलिये मेरे किशोर साथियों को फादर्स डे पर यही संदेश है कि कभी माता पिता का दिल नही दुखाना चाहिये। वही नगर इंद्रा वार्ड निवासी बासुदेव कौरव का कहना है कि कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए मुस्काराते हुए चिंतित रहता है जब बच्चें या युवा परीक्षाओं में अच्छे अंक लाते है और खेलो में बेहतर प्रदर्शन करता है या जीवन में आगे बढ़ता है तो वह पिता ही है जिसका सीना खुशी से फूल जाता है, जिसकी आंखों में खुशियो के सितारे दमकने लगते है। आज फादर्स डे पर युवाओं को चाहिए कि वे अपने पिताओं को आश्वस्त करे कि वे मेहनत से अपना कैरियर बनाकर देश, प्रदेश के विकास में सहभागी बनेगे। इस प्रकार से आज फादर्स डे के अवसर पर जब हरिभूमि ने नगर के अलग अलग युवाओं से चर्चा की गई तो उनके द्वारा फादर्स की भूमिका को जिन्दगी संभालने में अहिम स्थान दिया गया है।





किशोरों सहित युवा अपने पिता का पूजन करते हुए जिन्दगी भर सेवा करने देंगे भरोसा

---

## 9 साल पहले नगर के सुखदेव भवन में शादी के दौरान हुई फायरिंग के दौरान चली गोली से युवती की मौत पर न्यायालय ने आरोपी को सुनाई सात साल के कारावास सहित आर्थिक दंड की सजा, मृतका को न्याय दिलाने शासन की ओर से सर्वेश शर्मा ने की पैरवी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय न्यायालय के प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गाडरवारा के न्यायाधीश मा. मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपनी न्यायालय में चल रहे सत्र प्रकरण क्रमांक 178/15 धारा 304, 302 आई पी सी व धारा 30 आयुध अधिनियम में के तहत मामले का निर्णय सुनाते हुये आरोपी को सात साल की कैद सहित आर्थिक दंड की सजा सुनाते हुये जेल भेजा गया है। इस मामले में पीड़ित की ओर से शासकीय अधिवक्ता यानि की अपर लोक अभियोजक सर्वेश शर्मा द्वारा पैरवी की गई। घटना का विवरण इस तरह बताया जाता है कि बीते हुये बीते हुये 15 मई 2015 को नगर के सुखदेव भवन मैरिज गार्डन में संपन्न हो रहे नगर की सौ.का. रूचि सुपोत्री गौरी शंकर सुपुत्री राजेश कुमार कुरचानियाँ गाडरवारा संग चि. कुलदीप सुपौत्र ग्यारसी प्रसाद सुपुत्र मोहन लाल ढिमोले निवासी बनवारी गाडरवारा के शादी समारोह चल रहा था उसी दौरान बरमाला कार्यक्रम के बाद स्टेज पर आशीर्वाद देने रिश्तेदार एवं अन्य लोग आ रहे थे ओर उक्त कार्यक्रम की वीडियोग्राफी हो रही थी ओर फोटो भी खिच रही थी। वही रात्रि करीब 10:30-11:00 बजे के मध्य स्टेज पर आरोपी राम भरोस रावत अपने परिवार के साथ आये ओर फोटो खिंचवाने लगे ओर उसी समय आरोपी रामभरोस ने अपने पेंट की जेब से रिवाल्वर फायर करने के लिए निकाली स्टेज के आसपास उपस्थित लोगो ने आरोपी को फायरिंग करने को मना किया। लेकिन आरोपी नही माना ओर रिवाल्वर से फायरिंग किया,जिससे सामने की ओर खडी शादी समारोह में शिमल होने के लिये आई हुई जबलपुर के गुप्तश्वर क्षेत्र की कुमारी आयुषी पिता सुरेश कुमार श्रोति उम्र लगभग 20 को गीली लगी ओर वह गिरकर बेहोश हो गई आयुषी को उसके साथ आये रिश्तेदारो के द्वारा शासकीय अस्पताल गाडरवारा लाया गया जहा ड्यूटी डाक्टर के द्वारा परीक्षण उपरांत आहत को नरसिंहपुर अस्पताल रैफर किया गया नरसिंहपुर शासकीय अस्पताल मै परीक्षण उपरांत चिकीत्सक ने आयुषी को मृत होना बताया गया। वही इस घटना को लेकर थाना गाडरवारा आयुषी की मौत पर पुलिस द्वारा पहले मर्ग कामय करने के बाद आरोपी राम भरोस रावत के खिलाफ मामला कायम करते हुये तत्कालीन नगर निरीक्षक धर्मवीर नागर द्वारा विवेचना उपरांत अभियोग पत्र मा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वही न्यायालय में चले इस प्रकरण मै आई साक्ष्य एवं तथ्य से धारा 302 भादस का आरोप प्रमाणित न पाऐ जाने से रिवाल्वर से फायर कर आयुषी की हत्या की कोटि मै न आने वाला आपराधिक मानव वध कारित किया माननीय विद्वान न्यायाधीश प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश गाडरवारा के विद्वमान न्यायाधीश मा. मनीष कुमार श्रीवास्तव द्वारा अपना निर्णय सुनाते हुये आरोपी राम भरोस रावत आ. राधे लाल रावत उम्र 54 वर्ष निवासी ग्राम जौनतला थाना शाहगंज जिला सिहोर हाल निवास आनंद बाग कालोनी, साडिया रोड पिपरिया जिला होशंगाबाद को धारा 304 भाग-2 भादस के अपराध के अंतर्गत सात वर्ष के तथा पांच हजार रूपया के अर्थ दंड की सजा से दंडित करने का निर्णय दिया गया है। इस प्रकारण में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक सर्वेश शर्मा के द्वारा पैरवी की गई।




## नपा राजस्व विभाग की महत्वपूर्ण बैठक दौरान सभापति ने दिये विशेष दिशा निर्देश

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र में जिस तरह कर्मचारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यो को लेकर आये दिन शिकायत प्राप्त होने के चलते बीते हुये दिवस नगर पालिका परिषद राजस्व विभाग के सभापति चंचल कोरी द्वारा बैठक का आयोजन करते हुये कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश दिये गये है। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस नगर पालिका के सभागृह में पार्षद सभापति चंचल कोरी नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख, राजस्व प्रभारी राजीव लोचन कटारे की उपस्थिति में नगर विकास की व्यवस्थाओं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई है। इस बैठक में राजस्व विभाग के सभापति चंचल कोरी की उपस्थिति में राजस्व विभाग की अति महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई,जिसमें शहर का विकास और आने वाली बरसात में निचली बस्तियों में जल भराव होने की व्यवस्थाओं पर आवश्यक बिन्दुओ पर चर्चा करते हुये जरूरी दिशा निर्देश दिये गये। बताया जाता है कि इस बैठक में समस्त विभागों से जुड़े नगरपालिका अधिकारी कर्मचारियों को समस्त प्रकार के बकाया बसूली के लिए निर्देशित करते हुये अब आगामी समय मे कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले कर्मियों पर कार्यवाही किये जाने की बात कहते हुये कहा की होने वाली कार्यवाही के जिम्मेदार लापरवाही कर्मचारी व अधिकारी वह स्वयं होंगे। राजस्व सभापति ने कहा कि शहर के विकास हेतु हर नागरिक व नपा कर्मियों का योगदान सही समय पर मिलना आवश्यक है। बैठक में मौजूद मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के साथ सभापति चंचल कोरी ने शहर के प्रत्येक वार्ड के समस्त नागरिको से अपील करते हुए मांग कि है की समय पर सम्पत्ति कर व दुकान किराया व अन्य नपा व्यय का भुगतान कर नगर विकास में सहभागी बने व प्रत्येक नपा कर्मी पूरी ईमानदारी से कार्य कर बकाया बसूली करे। बैठक के दौरान सभापति चंचल कोरी ने शहरवासियों से अपील करते हुऐ कहा कि बरसात के दौरान अपने घरों और निकट स्थानों मैं पानी का भराव न होने दे। लोग अपने अपने घरों की छतों और आसपास के स्थानों को साफ स्वच्छ बनाए रखें जिससे लोगों को बीमारी का शिकार न होना पड़े। उक्त अवसर पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, राजस्व प्रभारी राजीव लोचन कटारे, योगेंद्र ढिमोले एवं राजस्व विभाग के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थें।



## जल गंगा संवर्धन अभियान: गाडरवारा व भटेरा प्राचीन बावडी में की गई सफाई



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जल गंगा संवर्धन अभियान राज्य शासन द्वारा चलाए जा रहा है। इस विशेष जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरा जल संरचनाओं के निर्माण, जीर्णोद्धार तथा मरम्मत और पुनर्जीवन के कार्य किये जा रहे हैं। इसके अलावा नदी, तालाब, कुआं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ- सफाई की जा रही है। जिले में जनप्रतिनिधियों, मप्र जन अभियान परिषद, स्वयं सेवी संगठनों, पर्यावरण प्रेमियों और आम नागरिकों के समन्वय से अभियान को सफल बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्तर को बचाने के उद्देश्य से बीते हुयेविस नगरीय निकाय गाडरवारा में बस स्टैंड के पास स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ- सफाई जन सहयोग से किया गया। इस मौके पर नपा परिषद के अनेक पार्षद व कर्मचारीगण मौजूद थें। इसी क्रम में समीपस्थ ग्राम भटरा में प्राचीन बावड़ी और सिद्ध बाबा मंदिर पर में साफ- सफाई कर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता एवं साफ- सफाई के लिए जागरूक किया। इस दौरान बाबा महेश दास, दयाराम लोधी, नवांकुर संस्था, जन शक्ति सेवा समिति अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, हरदौल जन सेवा समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, विवेकानंद वार्ड समिति, प्रस्फुटन समिति पचामा, समाजसेवी और आम नागरिकों ने अपनी सहभागिता दी गई।

## राज्य शिक्षक संघ ने किया नवनिर्वाचित सांसद के क्षेत्र में प्रथम आगमन पर किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** क्षेत्र की समस्याओं को लेकर दिल्ली में आवाज उठाने के लिये क्षेत्रवासियों द्वारा अपने नेता का चुनाव किया गया। इस तरह क्षेत्र से सांसद का चुनाव जीतने के बाद पहली वार क्षेत्र में आने पर राज्य शिक्षक संघ द्वारा नवनिर्वाचित सांसद का समीपस्थ ग्राम कामती मार्ग स्थित एक निजी ट्रेक्टर शो रूम पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। ज्ञात हो कि सांसद बने चौधरी राज्य शिक्षक संघ की स्थापना से ही इससे जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर शिक्षकों के स्वागत उपरांत सांसद चौधरी ने कहा कि शिक्षकों से प्रारंभ से ही जुड़ा रहा हूँ उनकी मांगों की जानकारी मुझे है जल्द ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार एवं शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों की पूर्ति के लिए प्रयास किये जायेंगे। इस दौरान उन्होंने स्वागत हेतु सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर पूर्व सेवानिवृत प्राचार्य राजेश बरसैयां, संघ के प्रांतीय कोषाध्यक्ष नगेन्द्र त्रिपाठी, प्राचार्य विनय शंकर शर्मा, वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी संदीप स्थापक, महेश अधरुज, मनीष शंकर तिवारी, विजेंद्र कौरव,वंशीलाल अहिरवार , सिराज अहमद सिद्दिकी, बीएसी योगेन्द्र झारिया, पवन राजौरिया, लक्ष्मीकांत कौरव ,महेश दास बैरागी, शैलेंद्र यादव, दौलत सिंह पटेल ,अजय शर्मा , विपिन पिपरोनिया, मलखान मेहरा, कमल बचकैंया,के के राजौरिया, राकेश सोनी अभय ओझा, सुनील कुमार पटेल, रजनीश कौरव, श्रीमती मंजुला शर्मा, शकुंतला माझी, निर्मला पाराशर, संयोगिता शिवहरे, ,के के दुबे, प्रशांत राय, बलदेव खंगार ,सुनील पिपरोनिया,संजय अवस्थी ,शील मेहरा ,नेतराम कौरव, राजेश बरसैंया, राजू ठाकुर, तुलसीकांत श्रीवास्तव, आनंद पिपरोनिया, दीपक दुबे, रामावतार पटैल, राघवेंद्र चौधरी, राजू ठाकुर सहित अनेक शिक्षकगण मौजूद थें।



## कम्प्यूटीकृत बैंकों में हो रहा कछुआ गति से काम, उपभोक्ता होते रहते है परेशान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कम्प्यूटर युग के बावजूद भी बैंको मे राशि जमा करने व निकालने के लिये अगर एक दो घण्टे का समय लगे और लंबी लंबी कतारें खत्म न हो तो हमे 21 वीं सदी मे आधुनिकता की चादर ओढ़ने का गर्व नही करना चाहिए, नगर मे स्थित राष्टीयकृत बैंकों मे जिन ग्राहकों को पैसा जमा करने, ड्राप्ट बनवानें या फिर शासकीय राशि जमा करने पहुंचते है तो उन्हे लंबी लाइन मे खड़े होकर अपना नंबर आने का इंतजार करना पड़ता है, बैंको मे नोट गिनने की मशीन होने के बावजूद भी अन्य लिखा पढ़ी मे काफी विलंब होता है। जिससे ग्राहकों मे बैको की कार्यप्रणाली से परेशानी बढ़ रही है? नगर में स्थित राष्टीयकृत बैंक मे शासकीय राशि, चलान आदि पटाने मे लोगों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है, एक काम के लिये ही यहां पूरा दिन बर्बाद हो जाता है, जिससे लोगों के कामधाम पिछड़ते है, इतना ही नही इस बैंक मे कार्यरत कर्मियों के परिचतों के कार्य पहले निपटानें का भी चलन तेजी लिये हुए है। संबंधित बैंक अधिकाारियों को चाहिए कि उपभोक्ताओं के काम आसानी से और कम समय पर निपटे ऐसी व्यवस्था बैंक मे बनाये, किंतु अधिकारी है कि कुर्सी पर चिपके रहते है, उन्होने बैंकों मे काम किस गति से हो रहा है व उपभोक्ताओं की क्या परेशानी हो रही है? इससे कोई सरोकार नही है, अक्सर देखा जाता है कि यहां प्रमुख बैंकों में वर्षो से पदस्थ कुछ कर्मी अपनी डियूटी के समय चाय पान की दुकानों के साथ साथ नस्ता की दुकानों पर ज्यादा नजर आते है, इस प्रकार से बैक अधिकारियों व कर्मचारियों की मनमानी से परेशान उपभोक्ता जब बैंक प्रमुख से विलंब होने की बात कहते है तो वे उन्हे बैंक में फसाद करने का उल्टा उल्हाना देने से नही चूकतें। बैंकों मे राशि निकालने व जमा करने के लिये पर्याप्त खिड़की है किंतु स्टाफ की कमी के कारण गिनी चुनी खिडकियों मे ही काम होता है, जहां पर लंबी लंबी कतारें लगी रहती है, शासकीय चालान जमा करने वालों को भी घंटों लंबी कतारों मे खड़ा होना पड़ रहा है। एक बैंक मे तो आये दिन पासवर्ड के कारण कम्प्यूटर चालू नही हो पाता जिसके ग्राहक देर तक भुगतान पानें खड़े रहतें है। बैंको का कम्पूयटरीकृत होने के ढोल तो पीटे जाते है, किंतु बैंकों मे कामकाज धीमी गति से हो रहा है लोगों की परेशानी का कारण बन रहा है, यदि ग्राहक विलंब के लिए कुछ कहते है तो बैंक कर्मी व मैनेजर आपे से बाहर हो जाते है।

## मनकवारा रेल्वे गेट बना मुश्किलों का कारण, क्षेत्रवासियों की जिन्दगी लग जाती है दांव पर?

**हरिभूमि न्यूज/ मनकवारा।** इस समय मनकवारा रेल्वे गेट पर देखा जाता है कि चाह जब जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है? पूर्व के समय में इस प्रकार की स्थिति नही बनती थी, मगर जब से गाडरवारा करेली मार्ग स्टैट हाईबे में तब्दील हुआ है, जब से इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों वाहनों का आना जाना हो जाता है, और रेल्वे गेट घंटो तक बंद रहने के कारण दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाईने देखने मिलती है। जब इस मार्ग का स्टैट स्तर का दर्ज मिल गया है, तो क्षेत्रीय नेताओं द्वारा आज तक यहां पर ब्रिज हेतु मुद्दा न तो प्रदेश में उठाया है और न ही केन्द्र में जिसके कारण लोगों की जिन्गदी परेशानी में देखी जाती है? खैर यह बात अलग है कि इस वर्ष जरूर यहां पर ओवर ब्रिज के लिये स्वीकृति होने की खबरे मिल रही है। मगर यह कब तक बनकर तैयार हो पायेगा इसका कोई भरोसा नही है? क्योंकि गाडरवारा से चीचली के ओर बनाये जा रहे ओवर ब्रिज की सच्चाई किसी से छिपी नही है जिसे बीते हुये दो वर्षो से अधिक समय हो जाने के बाद भी अभी तक उस ब्रिज का निर्माण मात्र शुरूआती तौर में ही दिखाई पड़ रहा है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब यह गेट बंद रहता है तो घंटो तक लोग इसके खुलने का इंतजार करते रहते है। वही क्षेत्र में यदि कोई घटना घटित हो जाती है और गाडरवारा तहसील स्तर के चिकित्सालय से किसी गंभीर मरीज को रिफर करते हुए जिला मुख्यायल तुरंत पहुंचने के लिए कहा जाता है और इस स्थिति में यदि उसे गेट बंद मिलता है, जो समझों उसका भगवान ही मालिक होता है? इस प्रकार के नजारे अनेको बार देखने मिलते है, जब कोई मरीज अपनी जिन्दगी और मौत के बीच जूझता हुआ रेल गेट खुलने का इंतजार करता रहता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस देर शाम उस वक्त देखने मिली जब यहां पर एक भारी भरकम कन्टेनर गेट के बीचों बीच फस जाने की स्थिति में जहां गेट के दोनों ओर वाहनों की लम्बी लाईने लगी हुई देखी गई तो दूसरी ओर गेट के बीचों बीच फंसे हुये कन्टेनर को निकालने में रेल विभाग से लेकर वाहन चालक को पसीना आने से नही चूक पाया था? क्योंकि इस दौरान रेत यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित होते हुये देखा गया है? यह स्थिति मात्र एक ही दिन की नही बल्कि आये दिन बनते हुये देखी जाती है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का आगमन आज



**डिण्डोरी।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय होने के पश्चात डिंडोरी नगर प्रथम आगमन पर आज दोपहर 12.00 बजे जिला भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें संसद भवन सिंह कुलस्ते के साथ भाजपा राष्ट्रीय मंत्री एवं शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया मौजूद रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ ज्येष्ठ, श्रेष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

### थाना मेंहदवानी में शांति समिति की बैठक का आयोजन



**मेंहदवानी।** पुलिस थाना मेंहदवानी में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुस्लिम धर्मावलंबियों के पर्व बकरीद को लेकर आयोजित बैठक में नवागत थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे के द्वारा बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक एवं भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत मेंहदवानी के अध्यक्ष रामप्रसाद तेकाम, भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, समाजसेवी जब्बार खान, राजस्व निरीक्षक भवेदी, पटवारी संतलाल उरैती सहित अन्य गणमान्य नागरिक तथा पुलिस स्टाफ मौजूद रहे।

### निमहा के आठ लोगों को मिली नौकरी

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत निमहा में भूमि अधिग्रहण के बदले भू-विस्थापित योजना के तहत एसईसीएल में नौकरी के पात्र लोगों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत निमहा के आठ पात्र लोगों को जिनका भू अधिग्रहण के बदले भू-विस्थापित योजना के तहत एसईसीएल में नौकरी प्राप्त हुई है, उन्हें नियुक्ति पत्र का वितरण किया। जिन्हें नियुक्ति पत्र वितरित किए गए उनमें कुमारी ओमवती प्रजापति, रामखेलावन, रमेश सिंह, तीरथ प्रसाद त्रिपाठी, संपत लाल, दयाचंद दास, ललन दास एवं जितेंद्र कुमार मिश्रा के नाम शामिल हैं। इस दौरान राज्य मंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर ग्राम में माह के सभी आठ हितग्राहियों को नौकरी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में राज्य मंत्री का स्वागत साल एवं श्रीफल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सीसीएल जमुना कोतमा एरिया के जनरल मैनेजर एचएस मदान, उप क्षेत्रीय प्रबंधन विपिन कुमार सहित अन्य एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जलाशय में कूदा युवक नहीं आया वापस

**अनूपपुर।** शंभू धारा घूमने गये 5 नौजवानों की टीम में एक नौजवान की डूबने से मौत हो गई। इस मामले मे मिली जानकारी के अनुसार धिरौल देवहरा थाना चचाई निवासी व टीव्हीएस शोरूम अनूपपुर के संचालक गजेन्द्र पटेल पिता रामचरण पटेल उम्र 26 वर्ष अपने साथी मनीष, पवन, राजेश व आलोक के साथ शनिवार की सुबह अमरकंटक घूमने निकले थे जो दोपहर 2 बजे पिकनिक स्पॉट शंभूधारा पहुंचे थे जहां कुछ साथी खाना खा रहे थे तो कुछ शंभूधारा पिकनिक स्थल में नहा रहे थे। इसी दौरान गजेन्द्र पटेल भी जलाशय मे कूदा, लेकिन वह जलाशय से बाहर नही निकल सका। जिसके बाद इसकी सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने जांच शुरू की। समाचार लिखे जाने तक गजेन्द्र पटेल नहीं मिल सका था। इस दौरान शाम को गजेन्द्र पटेल की तलाश करने के गोताखोरों की टीम अमरकंटक पहुंच गई है, प्रशासन युद्ध स्तर पर लताश मे लगा हुआ है। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा रखी है।

# मोबाईल टार्च की रोशनी से हो रहा नाली निर्माण

## कस्बावासियों ने ठेकेदार पर लगाया घटिया निर्माण करने का आरोप

**जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी**

जिले के करंजिया विकासखंड अंतर्गत कस्बा गोरखपुर में नाली निर्माण कार्य से असंतुष्ट कस्बावासियों ने संबंधित ठेकेदार पर मनमानी और घटिया सामग्री का उपयोग करते हुए कार्य कराने का आरोप लगाते हुए नये सिरे से नाली बनाने की मांग कर रहें हैं ।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



इनका कहना है कि ठेकेदार नियम विरुद्ध अकुशल मजदूरों से रात के अंधेरे में मोबाइल टार्च की रौशनी से ढलाई करवा रहा है इतना ही नहीं पहले तो मापदंडों का ध्यान नहीं रखते हुए कार्य किया गया अब उन ऐबों को छुपाने के लिए मुरुम डालकर ढंक दिया गया परिणामस्वरूप अभी से नाली की दीवार फट रहीं हैं स्लेब टूट गये इनमें जगह जगह दरारें उभर आई है जबकि कुछ स्थानों पर ऊपरी सतह में गड्ढे हो गए हैं, यघपि मिट्टी युक्त रेत से बन रहें नाली निर्माण पूरा होने से पहले ही क्षतिग्रस्त हो रहा हैं वहीं घटिया निर्माण के चलते नाली की दीवार अभी से कमजोर है लिहाजा इस प्रकार से हो रहें निर्माण कार्य कितने दिनों तक टिकेगा सहज अंदाजा लगाया जा सकता है बहरहाल यहां के लोगों ने जिला कलेक्टर से मांग किया है कि सर्व प्रथम गुणवत्ता पूर्वक काम हो यह सुनिश्चित कर इस मामले में टीम गठित कर काम की निष्पक्ष जांच करवाई जाएं

**मोबाइल टार्च की रौशनी में ढलाई**

कस्बा के अंदर जल्दबाजी में बन रही नाली निर्माण में ठेकेदार अकुशल मजदूरों से मनमानी ढंग से देर रात तक काम करवाते हुए बेखौफ मोबाइल टार्च की रौशनी में ढलाई करवा रहा है बिना तकनीकी अमला के रात के अंधेरे में बन रहे नाली कितना मजबूत बन पाएगा सोचनीय है बहरहाल न तो इनकी मनमानी पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज कराया और न ही कोई रोकने टोकने वाला है परिणामस्वरूप जैसा चाहो वैसा बनाओ मेरी मर्जी के तर्ज पर नाली का निर्माण चल रहा हैं।

**तकनीकी अमला पर भी उठ रहे सवाल**

इस निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोगों ने तकनीकी अमला की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाया हैं नागरिकों का कहना है कि सभी सरकारी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो, इसके लिए सरकारी प्रतिनिधि के तौर पर तकनीकी अमला इंजीनियर की जिम्मेदारी होती है जो निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर निगरानी करता है, लेकिन इस नाली निर्माण में अमले ने किस तरह कार्य की निगरानी कर ठेकेदार के काम को बढ़िया बताया है समझ से परे है जबकि कोई अनपढ़ व्यक्ति भी इस काम की प्रशंसा नहीं करेगा ।

## सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल का आयोजन, नशा के दुष्प्रभाव को लेकर किया जागरूक





**हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।** बजाग थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को वनग्राम धुरकुटा में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वनांचल की खेल प्रतिभाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपना कौशल का प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बजाग पुरुषोत्तम मरावी एवं नक्सली सेल प्रभारी की गरिमा मय उपस्थिति में किया गया ।वन अंचल में आयोजित प्रतियोगिता में चार बॉलीवाल टीमों ने हिस्सा लिया, मैच खेलते हुए बॉलीबाल खेल का अच्छा प्रदर्शन किया,जिसमें बजाग टीम विजेता रहीं, चाड़ा टीम उपविजेता रही । आयोजित कार्यक्रम में ग्राम धुरकुटा के नागरिक, शिक्षकगण एवं खेल प्रेमियों ने इस आयोजन में सम्मिलित होकर भरपूर सहयोग किया।

प्रतियोगिता आयोजन के दौरान सभी खिलाडियो को खेल-किट व टीम को बॉलीबाल ,मेडिकल किट प्रदाय किया गया। आयोजन के दौरान उपस्थित जन समुदाय को नशे के प्रति- जागरुक किया जाकर उससे होने वाले दुष्परिणाम बताये गए तथा इस दौरान नशा मुक्ति अभियान का भी प्रचार प्रसार किया गया। कार्यक्रम में पुरुस्कार वितरण ग्राम के वरिष्ठ नागरिक पदम श्री से सम्मानित अर्जुन सिंह धुर्वे, एसडीओपी बजाग, ढनक्सल प्रभारी गिरवर सिंह उइके, हाई स्कूल के प्राचार्य बंगू लाल मरावी एवं बजाग थाना प्रभारी बीके पंडोरियां के द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में किया गया। आयोजन को सफल बनाने में थाना बजाग के स्टॉफ के साथ नक्सल सेल का सराहनीय योगदान रहा हैं।

## महाविद्यालय में जल संरक्षण पर चलाया गया विशेष अभियान






हरिभूमि न्यूज अमरपुर।

शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में मध्य प्रदेश शासन भोपाल के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के आदेशानुसार और कार्यालय अतिरिक्त संचालक उच्चशिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के निर्देशन में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के मार्गदर्शन में व एनएसएस प्रभारी रूपेंद्र वरकड़े के अगुवाई में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में 05 जून से 15 जून तक महाविद्यालय में जल संरक्षण पर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम पौधारोपण, पोस्टर, स्लोगन, भाषण आदि कार्यक्रम आयोजित कर जल संरक्षण से सम्बन्धित और अपने पर्यावरण को कैसे सुरक्षित रखें इसकी जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप सिंह के अलावा रूपेंद्र वरकड़े, देवप्रकाश उईके, डॉ. दीपक कुमार सिंगरौल, डॉ. सुनील काकोड़िया के द्वारा जानकारी छात्रध्छात्राओं को दी गई। इस अभियान कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रध्छात्राओं सहित महाविद्यालय के एनएसएस के विभाग के वोलेंटियर और स्टाफ डॉ. सीमा सस्तिया, डॉ. प्रियंका दहिया, प्रदीप कहार, सुश्री हुस्नआरा अंसारी, डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी, डॉ. स्वर्णिम पटेल, डॉ. पवन वर्मा, समीर धुर्वे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

# विद्यार्थियों ने व्यक्त किये अपनी सीख के अनुभव

**जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो ने विद्यार्थियों को प्रसस्ति पत्र मेडल्स एवं स्मृति चिन्ह से किया पुरस्कृत**

**गायन वादन वैदिक गणित का सामूहिक प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



शहपुरा में विगत एक माह से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु संचालित संस्कार समर कैम्प का आज भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। यह समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष शहपुरा श्रीमती प्रियंका आर्मो की मुख्यातिथ्य में आयोजित हुआ। सभी पंजीकृत विद्यार्थी एक माह तक संस्कार समर कैम्प में नियमित आकर विविध रूचि की विधाएं सुंदर लेखनध्-श्रुतलेखन, वैदिक, गणित, इंग्लिश स्पोकन, संगीत वादन, गायन, पेंटिंग, क्राफ्ट, योगाध्एरोबिक्स नेतृत्व क्षमता विकास, बौद्विक मार्गदर्शन, प्रेरक मूवी प्रदर्शन, पुस्तकालय एवं प्रश्नमंच, नेचर ट्रेल (प्रकृति पथ भ्रमण) सस्टेनेवल लाईफ स्टाईलध्माई लाईफ, स्वच्छता कार्यशाला जीवन कौशल प्रशिक्षण मोबाईल रहित जीवन शैली पर विषय विशेषज्ञों से ज्ञान प्राप्त किए। मेन्टर्स एवं धर्मगुरु द्वारा नैतिक शिक्षा मेडिटेशन कार्य मे एकाग्रता पर बौद्धिक संवाद द्वारा समर कैम्प से तरासी गई। प्रतिभाओ द्वारा समापन समारोह में विद्यार्थी मयंक रजक पुस्कालय प्रभारी उदय मार्को, उद्रेश झारिया, नेतृत्व क्षमता विकास ओम साहू ढोलक दिव्यांश वासुक चित्रांश सूर्यांश योगेश झारिया ने वैदिक गणित श्रेया रजक ख्वाहिश पूर्वी साहू अंजिली धन्या भूमि काव्या गुप्ता आरना गुप्ता साक्षी ज्योत्सना धनेश्वरी ने सांस्कृतिक एवं जुम्बा एरोबिक्स प्रस्तुती दी। अंजू कछवाहा ने अपने स्कैचिंग से सबका दिल जीत लिया, प्रसिद्ध हस्तियों एवं अतिथियों के चित्र बनाकर ड्रॉइंग बुक का प्रदर्शन किया। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी विद्यार्थियों द्वारा की गई। उल्लेखनीय यह भी है कि प्लास्टिक मुक्त कार्यक्रम की थीम पर कार्यक्रम में पुष्प माला गुलदस्ते बैच सभी कैम्प के विद्यार्थियों द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों से तैयार किये गए, जो कि पुराने कार्ड कागज से निर्मित थे कैम्प की प्रमुख ज्ञानवर्धक बातो को विद्यार्थियों ने मेरी सीख नामक कॉपी बनाकर लिपिबद्व किया है।

जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो ने कहा संस्कार समर कैंप से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हुआ है। सभी बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। सभी विद्यार्थियों एवं मेन्टर्स सहयोगियों को प्रसस्थि पत्र, मेडल्स एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो, कैम्प नोडल एवं आयोजन समिति सदस्य शैलेष गौर, नायब तहसीलदार पीडी पटेल बीईओ गुरुप्रसाद साहू बीआरसीसी, विपिन डेहरिया सीडीपीओ, आरएस गुरूदेव, आरपी झारिया, श्रीमती लाजवंती जीवनानी जनशिक्षक, अश्विनी कुमार साहू, अमर उलाड़ी, ऋषि नायक, दर्शन कुशराम, कृपाल मार्को, श्रीमती पार्वती साहू, सुश्री अनीता साहू, श्रीमती सरिता गुप्ता, श्रीमती लता साहू, उमेश वर्मा, जीवन कौशल ब्लॉक समन्वय प्रजापति, ब्रम्हकुमारी से दीदी सीमा, मेन्टर्स एवं बौद्धिक मार्गदर्शक मोटिवेटर एसडीएम अनुराग सिंह, राघवेंद्र शर्मा प्रकल्प प्रभारी रामनारायण साहू, वैदिक गणित अन्य विधा दीपक सोनी संजय साहू रंजीत साहू श्रीमती पूनम अवधिया रामभिषेक तिवारी अभिनव साहू शिवलाल मरकाम सोनेलाल परस्ते एलपी झारिया चित्रेश सेन उदयभान एवं सहयोगी उपस्थित रहे। मेन्टर्स की उत्कृष्ट सेवा एवं अच्छे प्रबंधन पर सम्मानित किया गया अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## दो हाथियों का समूह पहुंचा एमपी बॉर्डर

अनूपपुर।



विगत एक माह से दो हाथियों का समूह छत्तीसगढ़ राज्य के वन परिक्षेत्र मरवाही अंतर्गत घुसरिया बीट में निरंतर विचरण कर रहा था जिससे परेशान ग्रामीणों द्वारा शुक्रवार एवं शनिवार की रात परेशान होकर दोनों हाथियों को अपने स्थान से भगाने का प्रयास किए जाने पर दोनों हाथी मरवाही वन परिक्षेत्र के शिवनी बीट अंतर्गत डडिया-घिनौची के जंगल कक्ष क्रमांक पीएफ 2049 में शनिवार के पहुंचकर दिन मे विश्राम कर रहे हैं। यह स्थान मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील एवं वन परिक्षेत्र के चोलना गांव एवं बीट से दो से चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। शनिवार की देर शाम दोनों हाथियों का समूह अनूपपुर जिले के जैतहरी वन परिक्षेत्र एवं तहसील के चोलना गांव या कोतमा तहसील एवं वन परिक्षेत्र के पोडी-चोडी या पड़ौर गांव एवं बीट में प्रवेश करने की संभावना बन रही है जिसे देखते हुए जैतहरी एवं कोतमा के वन विभाग के अधिकारी/कर्मचारी पूरी तरह सतर्क हो कर हाथियों के विचरण पर निरंतर निगरानी रखे हुए हाथियों के पूर्व विचरण रास्ते के गांव, टोला, मोहल्ला के ग्रामीणों को रात्रि समय सतर्क रहने हेतु मुनादी एवं अन्य माध्यमो से सूचना दी जा रही है। ज्ञातव्य है कि यह दोनों हाथी जिसमें एक एक दांत एवं एक दो दांत वाले हाथी विगत वर्षों पूर्व आए पांच हाथियों के समूह के ही सदस्य हैं जो एक वर्ष पूर्व चार जुलाई की सुबह छग राज्य के मरवाही वन परिक्षेत्र के घुसरिया, शिवनी बीट से विचरण करते मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील एवं वन परिषद के जो ना बीट के चलना तथा बच्चा टोला में आकर विश्राम किया रहे। इसके बाद निरंतर कई माह तक अनूपपुर जिले के आने को वन पर क्षेत्र में विचरण करते हुए अलग-अलग की संख्या में बट कर आवागमन करते रहे हैं।

# श्री राम कथा के तृतीय दिवस गुरुदेव ने नारद मोह का प्रसंग सुनाया

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।





शहपुरा बिछिया के समीप छपरा ग्राम के बजरंग टेकरी में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथा व्यास कनिष्ठ जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती जी महाराज जी ने अपने मुखारविंद से नारद मोह का प्रसंग सुनाया उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति जीव को भवसागर से पार भी करती है अगर भक्ति का अहंकार हो जाए तो अहंकार युक्त भक्ति जीव का पतन भी कर देती है। गुरुदेव ने कहा कि देव ऋषि नारद भगवान विष्णु के परम भक्त थे भगवान की भक्ति करने के लिए हिमालय की कंदरा में जाकर एक झरने के किनारे बैठ गए। बड़ी सुंदर गुफा थी गुफा में बैठते ही देव ऋषि नारद की समाधि लग गई और भगवान के स्वरूप का आनंद प्राप्त करने लगे। देव ऋषि नारद की समाधि को देखकर देवराज इंद्र भयभीत हो गए। देवराज इंद्र को लगा कहीं देव ऋषि नारद की भक्ति से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी कहीं मेरा इंद्रासन देव ऋषि नारद को ना दे दें इसलिए इंद्र ने देव ऋषि नारद की समाधि को तोड़ने का प्रयत्न किया। आगे के प्रसंगों में बताया गया कि नारद को भक्ति का अहंकार हो जाता है। इस पर भगवान ने माया रची एक सुंदर नगरी बनाई। उसमें एक विश्व मोहिनी नाम की कन्या के विवाह तैयारियों की देव ऋषि नारद जब उस नगर के सामने से निकले तो मोहित हो गए। माया में फंस गए नारद के मन में आया कि जो इस कन्या से शादी करेगा। वह तो पूरे ब्रह्मांड का नायक होगा देव ऋषि नारद भगवान विष्णु के पास गए उनसे अपना स्वरूप मांगा। भगवान विष्णु ने उन्हें बंदर का रूप दे दिया क्योंकि देव ऋषि नारद का कल्याण चाहते थे। भगवान विष्णु कन्या स्वयंवर में उस कन्या ने किसी अन्य राजा की गले में माला डाल दी तो भगवान के पार्षद जय और विजय इस पर हंसने लगे देव ऋषि नारद ने जय और विजय को श्राप दे दिया। और भगवान विष्णु को भी श्राप दे दिया कि तुमने जो आज मेरा बंदर का मुख बनाया है यही आगे चलकर तुम्हारी रक्षा करेगा। भगवान विष्णु ने अपना असली रूप दिखाया तो देव ऋषि नारद का मुंह दूर हुआ। देव ऋषि नारद को दुख भी हुआ कि मैंने भगवान को श्राप दे दिया। परंतु भगवान ने देव ऋषि नारद को समझाया कि यह सब मेरी इच्छा सेवा है। अहंकार जीव का सबसे बड़ा दुश्मन है। किसी बात का भी अहंकार नहीं करना चाहिए। वही बताया गया की उक्त कथा को श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं कथा शाम चार बजे से प्रारंभ होती हैं तीन घंटे की कथा के बाद आरती प्रसाद का वितरण किया जाता हैं।

## दो पक्षों में झड़प 9 लोग घायल
## जमीन जुताई को लेकर हुआ विवाद






**नरसिंहपुर** । पुराने जमाने से कहावत चली आ रही है कि अधिकांशतः जमीन, जोरू व जर विवाद का कारण होते है और कहावत को चरितार्थ करने वाली घटना थाना क्षेत्र गोटेगांव से सामने आई जिसमे जमीन के विवाद को लेकर दो पक्ष आपस मे भिड़ गये व जमकर मारपीट की गई। शनिवार को थाना क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम झांसी घाट मे दो पक्षों में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हो गई जिसमें कुल 9 लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के जबलपुर रेफर किया गया। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया। बताया जा रहा है कि खेत की जुताई को लेकर विवाद हुआ और विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर मारपीट हो गई।

### मामला इस प्रकार

थाना क्षेत्र गोटेगांव के ग्राम झांसीघाट मे दो पक्षों मे जमीन के विवाद को लेकर मार पीट हो गई जिसमे दोनो पक्षों से कुल 9 लोग घायल हो गये । सभी घायलों का उपचार जारी है पुलिस ने दोनो पक्षों पर धारा 323,324, 294, 506,34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों की जमीन एक दूसरे से लगी हुई जिससे एक पक्ष द्वारा जमीन की जुताई की गई जिसमे दूसरे पक्ष द्वारा उसका विरोध किया और कहा कि यह भूमि उनकी है इसी बात को लेकर हुये विवाद ने विकराल रूप धारण कर लिया। विवाद इतना ज्यादा हो गया कि दोनो तरफ से लाठी डंडे चलने लगे जिसमे दोनो पक्ष के लोग घायल हो गये। पुलिस ने दोनो पक्षो की शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर लिया ।

### ये हुये घायल

उक्त विवाद के संबंध में थाना प्रभारी गोटेगांव सहदेव राम साहू द्वारा बताया गया कि पहले पक्ष में प्रदीप लोधी , अनिकेत लोधी ,अभिषेक लोधी, अरविंद पटेल घायल हुये है सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया है जिनका उपचार जबलपुर के एप्पल हॉस्पिटल में जारी है। वही दूसरे पक्ष मे मुन्ना लाल मेहरा , घनश्याम मेहरा, तेजेश मेहरा , अरविंद मेहरा, आर्दश मेहरा घायल हुये है जिनका उपचार जारी है। दोनो पक्षों पर धारा 323,324, 294, 506,34 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच मे लिया। विवेचना के दौरान मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारायें बढ़ाई जा सकती है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

### भूमि सीमा को लेकर विवाद

उक्त मामले के संबंध में बताया गया कि लोधी परिवार व मेहरा परिवार का खेत एक - दूसरे से लगा हुआ है और सीजन प्रारंभ होने के पूर्व की जाने वाली बखरनी लोधी परिवार द्वारा की गई थी जिस पर मेहरा परिवार द्वारा सीमा को लेकर विरोध किया गया और विवाद शुरू हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे पर मारपीट होने लगी और दोनो पक्षो द्वारा लाठी व डंडे चलने लगे जिसमे दोनो पक्षों के कुल 9 लोग घायल हुये है। बताया जा रहा है कि उक्त घटना में गोली भी चली है । लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है। घायलों के ब्यान दर्ज होने के उपरांत मामले मे और भी कुछ सामने आ सकता है। फिलहाल पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच मे लिया है।

### इनका कहना है

जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षो मे मारपीट हुई है जिसमे कुल 9 लोग घायल हुये सभी घायलों का उपचार जारी है। दोनो पक्षो पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। गोली चलने की खबर मिथ्या है उक्त घटना मे गोली नही चली है ।

**सहदेवराम साहू**
टीआई गोटेगांव

## कृषि दुकानों का निरीक्षण



**नरसिंहपुर**। जिले में खरीफ-2024 में कृषकों को उत्तम गुणवत्ता का कृषि आदान सामग्री उर्वरकध बीजध कीटनाशक सुनिश्चित कराने एवं किसानों को अनुसार उर्वरकों का औद्योगिक एवं गैर कृषि कार्यों में उपयोग, कालाबाजारी, अवैध भंडारणध परिवहन रोकने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिला, अनुविभाग व विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दलों का गठन किया है। यह दल कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में लगातार जिले में कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में शर्मा एजेंसी सिंहपुर, दादा ट्रेडर्स, करकबेल में आस्था कृषि केन्द्र और अनुराग जैन संस्थान का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण दल प्रभारी सहायक संचालक कृषि श्रीमती रश्मि ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमती शिल्पी नेमा, जिला निरीक्षक श्रीमती विभा तोमर एवं विकासखंड नरसिंहपुर से एनके आरसे एवं गोटेगांव से आरएन त्रिपाठी निरीक्षक द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान शर्मा एजेंसी सिंहपुर व दादा ट्रेडर्स के अभिलेखों का संधारण सही करना पाया गया। दोनों संस्थानों से भंडारित बीज के नमूना लेकर प्रयोग शाला भेजे गए। इसके पश्चात उक्त दल करकबेल में आस्था कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान आदान स्टॉक सूचना, भाव फलक व स्टाक पंजी का अपूर्ण संधारण जैसी अनियमितता पाई गई। इसी प्रकार अनुराग जैन संस्थान में भी अनियमितता मिली। दोनों संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिले के किसानों से आग्रह किया गया है कि वे कृषि आदान सामग्री लेते समय पक्का बिल आवश्यक रूप से ले। यदि निर्धारित दर से अधिक राशि लेते हैं, तो इसकी सूचना अपने क्षेत्र के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा जिला कार्यालय को दे। किसान अपनी फसलों मे संतुलित उर्वरक एनपीके का प्रयोग ही करें। इससे फसलों को नाइट्रोजन, फास्फेट के अलावा पोटाश भी मिलता है, जो फसलों को बहुत आवश्यक होते

## जान जोखिम में डालकर कर रहे यात्रा



**नरसिंहपुर**। जिले मे आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से भी वाहन चालकों को सबक नही ले रहे है और ओवर लोडिंग की सवारी लाई व लेजाई जा रही है ऐसी ही नजारा गोटेंगांव क्षेत्र मे देखने को मिला जहां पर यात्रियों की जान जोखिम में डालकर बेखौफ होकर शहर में जमकर हो रही ओवरलोडिंग पर अंकुश नहीं लग रहा है। शहर की सड़कों पर रोजाना ओवरलोड वाहन आते-जाते दिखाई देते दुर्घटनाओं को दे रहे आमंत्रण, लेकिन इन वाहनों पर न तो यातायात पुलिस और ना ही परिवहन विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इससे यह ओवरलोड वाहन शहर की सड़कों पर बेखौफ निकलते देखे जा सकते हैं। यह वाहन , नगर के मुख्य मार्गो से निकलते हुए देखें जा सकते है । इसके साथ ही शहर में जगह-जगह समय समय चेकिंग अभियान चलाया जाता है पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यवाही की जाती है । इसके बाद भी शहर की सड़कों पर गुजर रहे ओवरलोड वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। शहर की सड़कों पर बस, ऑटो, मैजिक, पिकअप वहन और छोटा हाथी पर लोहे के सरिए, एंगल, पाइप आदि ढोए जा रहे हैं। 20 फीट लंबे पाइप इन छोटे वाहनों के आगे और पीछे 6-6 फीट लटकते रहते हैं। इससे इनकी चपेट में आने से कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। इसके बावजूद भी यहां पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं नगरीय प्रशासन द्वारा इन पर किसी प्रकार की कोई भी लगाम नहीं लगाई जा रही है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है

## एक दिवसीय विद्यालय स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न



**नरसिंहपुर** । पी एम श्री स्कूल योजना की विद्यालय स्तरीय शिक्षकों की एक दिवसीय कार्यशाला पी एम श्री एमएलबी विद्यालय नरसिंहपुर एवं पी एस श्री विद्यालय मुंगवानी में आयोजित की गई। पी एम श्री विद्यालय एम एल बी में प्रशिक्षण प्रभारी प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा ने कहा कि विद्यालय के बुनियादी ढांचे के अलावा बच्चों के शत प्रतिशत नामांकन ठहराव,गुणवत्तापूर्ण कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए । मास्टर ट्रेनर बुधराज अहिरवार द्वारा प्रथम सेशन में वीडियो लिंक एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से पी एम श्री स्कूल का परिचय, योजना और तैयारी, न्यूनतम बैंचमार्क सुविधाएं, पी एम श्री के छः स्तंभ, अन्य योजनाओं के साथ तालमेल, द्वितीय सत्र में कक्षा का प्रिंट समृद्ध वातावरण , शिक्षक पालक बैठक संबंधी जानकारी दी गई। सत्र के दौरान सत्र से आपकी अपेक्षाएं प्रभावी चर्चा में साझा समझोते के तहत शिक्षक श्री हरिओम शर्मा, जय कुमार सोनी, श्रीमती उमा पटेल ने अपने विचार साझा किए। उक्त अवसर पर तकनीकी सहायक राहुल नेमा सहित विद्यालय के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही। इसी तरह पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी विकासखंड नरसिंहपुर में एक दिवसीय विद्यालय स्तरीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण प्रभारी प्राचार्य फूल सिंह मेहरा ने प्रशिक्षण में शिक्षकों से कहा कि हमें बुनियादी ढांचा के अलावा, बच्चों का शतप्रतिशत नामांकन, ठहराव, गुणवत्ता सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। पी एम श्री के विभिन्न स्तंभों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण में भारती केवट, वैशाली भोरगड़े, राधा गुप्ता, भूलता मेहरा, जी. एस. पटेल, सचेंद्र साहू, राहुल राजोरिया, प्रशांत मेशराम, अजयचंद ठाकुर , रामनाथ भलावी एवं कंप्यूटर ऑपरेटर हेमंत मेहरा उपस्थित थे।

## पुलिस कर्मियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**नरसिंहपुर** । तीन नए आपराधिक कानूनों के संबंध में संपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण हेतु पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। उल्लेखनीय है कि देश के कानून में कुछ बदलाव किए हैं, 1 जुलाई को तीन नए कानून गृह मंत्रालय लागू कर रहा है। भारत सरकार द्वारा जो नए कानून जारी किये जा रहे है वह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं, जो कि औपनिवेशिक युग के भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 1872 के भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। इन नए कानूनों का उद्देश्य देश के नागरिकों को त्वरित न्याय देना है। साथ ही न्यायिक और अदालत प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। नए कानून औपनिवेशिक विरासत से न्याय प्रणाली की दिशा में बदलाव है।

## जीवन की अंतिम सांस समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहेगी
## सम्मान समारोह के दौरान नव निर्वाचित सांसद ने कहा

**तेंदूखेड़ा**- होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद पहली बार तेंदूखेड़ा पहुंचे सांसद चैधरी दर्शन सिंह ने एक गार्डन में महती सभा को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि जब तक हमारा जीवन है तब तक समाज और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहेगा। कार्यकर्ताओं के द्वारा जो स्नेह और आशीर्वाद मुझे दिया है इसका ऋण में जीवन पर्यन्त कभी भी नहीं चुका पाऊंगा। जहां कार्यकर्ता का पसीना टपकेगा वहां हमारी खून की बूंद होगी।हमारी जीत कार्यकर्ताओं के विश्वास और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा जनवल की जीत है। प्रत्येक कार्यकर्ता के सम्मान के साथ साथ संसदीय क्षेत्र की प्रत्येक समस्या का निराकरण किया जायेगा। संघर्ष हमारी जीवन शैली में शामिल हैं।हर खेत को पानी सहकारी शुगर मिल जैसी जरुरतों को पूरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के साथ साथ प्रदेश से छः मंत्रियों का सहयोग हमारी विकास यात्रा को मिलेगा। व्यक्तिगत हितों को छोड़कर जनता से जुड़े विषयों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्यकर्ता के सम्मान का पूरा ध्यान रखा जायेगा और प्रशासनिक अधिकारियों की मनमानी भी नहीं चलने देंगे। हम सभी मिलकर पर्यावरण सुरक्षा जल संरक्षण संवर्धन और जैविक खेती के लिए समर्पित भाव से काम करें।तेंदूखेड़ा क्षेत्र के ऐतिहासिक सम्मान समारोह से अविभूत होकर स्पष्ट किया कि हमारे जीवन का यह पहला ऐसा सम्मान है। आज सम्मान हमारा नहीं बल्कि जनता जनार्दन और कार्यकर्ताओं का सम्मान होना चाहिए जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी तेंदूखेड़ा क्षेत्र की जनता ने प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कराई। कलश गार्डन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की पं दीनदयाल उपाध्याय डा मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की गई। जिसमें तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने साफा बांधकर स्वागत श्रंखला का श्रीगणेश किया। जिसमें किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमीति के अवधेश सिंह पटेल भी मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पहुंचने के पूर्व कृषि उपज मंडी परिसर में वृक्षारोपण तथा स्वतंत्रता सेनानी भागचंद जैन के स्मारक पर माल्यार्पण किया गया। स्वागत भाषण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कार्यकर्ताओं के सम्मान के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की चल रही मनमानी का जिक्र किया।

### केंद्र और राज्य में हमारी सरकारें

सम्मान समारोह के दौरान विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने स्पष्ट किया कि कार्यकर्ता हमारी ताकत है। जिनके बलबूते पर ही हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीते हैं।केंद्र और राज्य में हमारी सरकारें हैं नीचे से लेकर ऊपर तक भाजपा का शासन है अब विकास में कहीं कोई कोताही नहीं होगी एक और एक मिलकर हम ग्यारह हो गये हैं। क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करेंगे। तथा पानी की समस्या के साथ क्षेत्र में एक सहकारी शुगर मिल की महती आवश्यकता है इसे पूरा करने पहल की बात कही।

### कार्यकर्ताओं का मनोबल जरूरी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अभिलाष मिश्रा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में स्पष्ट किया कि कार्यकर्ता का मनोबल जरूरी है उनकी बजह से ही हम हर निकाय में जीत दर्ज कर पा रहे हैं। बगैर किसी भेदभाव के कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलेगा। आपसी समन्वय बनाकर विकास कार्य करायेंगे। इस मौके पर तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सभी मंचाशीन अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल ने किया।

### इनकी रही उपस्थिति




इस वृहद कार्यक्रम में पूर्व विधायक भैयाराम पटेल रमाकांत शर्मा राव शैलेश सिंह राहुल कौरव संतोष पटेल राजीव अग्रवाल दीवान अर्जुन सिंह अशोक भार्गव शिवदयाल खेरोनिया हरगोविंद सिंह पटेल सुनील जैन डॉ प्रकाश जैन अजय परिधान श्रीमती सरोज पटेल वंदना पटेल ओंकार सिंह तखरया मनोज शर्मा व्रजेंद्र पटेल मोनू कौरव देवेन्द्र मंगोलिया राजेन्द्र सिंह ठाकुर प्रताप सिंह कौरव गिरधारी वर्मा हरि प्रताप ममार राजेन्द्र पटेल श्याम सिंह ठाकुर चंद्रभूषण पटेल चंचलेश पटेल रामकुमार ठाकुर पंकज अग्रवाल मुकेश पुजारी पुरुषोत्तम पटेल महीष मोदी रुपम मनकेडी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता तथा पार्षद गण विभिन्न निकायों के जनप्रतिनिधि पार्टी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय जैव विविधता पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**नरसिंहपुर** । राज्य स्तरीय वार्षिक जैवविविधता पुरस्कार- 2023 के लिए जिले में जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले इच्छुक आवेदक 26 जून 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त प्रविष्टियां जैवविविधता बोर्ड को 30 जून तक प्रेषित की जानी है। बोर्ड को सीधे प्रविष्टि मान्य नहीं की जावेगी। इस संबंध में दिशा निर्देश बोर्ड की बेवसाइट पर उपलब्ध है। जिले में जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे इच्छुक व्यक्ति अशासकीय संस्थानध जैवविविधता, स्वामित्व रखने वाले वन, कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं जल संसाधन विभाग तथा स्थानीय निकायों पर गठित जैवविविधता प्रबंधन समितियां निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। ये आवेदन कलेक्टर अथवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत व जनपद पंचायत, वन मंडलाधिकारी व जिले के जैवविविधता से संबद्ध विभाग उपसंचालक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों को पहचान दिलाना एवं उन्हें प्रोत्साहित करना है।

### जनमन योजना के तहत कैम्प

**नरसिंहपुर** । भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री पीवीटीजी मिशन के अंतर्गत जिले की जनपद पंचायत बाबई चीचली के अंतर्गत 14, करेली के अंतर्गत 9 एवं गोटेगांव के अंतर्गत एक सहित कुल 24 पीवीटीजी ग्रामों के समग्र विकास के लिए कैम्प का आयोजन किया जायेगा। इन ग्रामों में निवासरत पिछड़ी जनजातियों (भारिया) के संबंधित मुखियाध परिवारजनों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के लिए यह कैम्प आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में कलेक्टर ने ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी व सहायक नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। जनमन योजना के अंतर्गत विकासखंड बाबई चीचली के अंतर्गत 18, 19 व 20 जून को ग्राम पंचायत भिलमाढाना, सिल्हेटी व खड़ई ग्राम पंचायतों हेतु शाहपुर में, ग्राम पंचायत मोहपानी, पटकुही व माल्हनवाड़ा-इकलौनी हेतु चारगांव खुर्द में और ग्राम पंचायत ग्वारी, देवरी व बैरागढ़ हेतु ग्राम टुडनी में शिविर लगाया जायेगा। विकासखंड करेली के अंतर्गत 18, 19 व 20 जून को ग्राम पंचायत नयाखेड़ा, आमगांवबड़ा व करताज हेतु ग्राम पंचायत आमगांवबड़ा में, ग्राम पंचायत ग्वारी हेतु ग्राम पिपरहा में, ग्राम पंचायत गुरसी, मिड़ली व हिरनपुर हेतु बिकौर में और विकासखंड गोटेगांव के लिए 18, 19 व 20 जून को ग्राम पंचायत बुढ़ैना के लिए ग्राम बुढ़ैना में शिविर लगाया जायेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि उक्त ग्रामों में सूची के अनुसार शेष परिवार सदस्यों को शिविर स्थल पर लाने के लिए संबंधित सुपरवाईजर महिला एवं बाल विकास, पंचायत समन्वय अधिकारी एवं पटवारी पूर्ण रूप से जिम्मेदार होंगे।

### तहसीलदार ने किया मार्केट का निरीक्षण, दिए निर्देश



**नरसिंहपुर**। विगत दिवस नगर में स्थित मछली एवं मटन मार्केट गोटेगांव का तहसीलदार रोहितसिंह राजपूत एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश मेहतेल के नेतृत्व में नगरपालिका की राजस्व टीम द्वारा निरीक्षण करने पर विभिन्न प्रकार की अनियमिताएं पाई जाने पर दुकानदारों पर चालानी कार्यवाही किए जाने के पश्चात तहसीलदार रोहित सिंह ने मछली व मटन बेचने वाले दुकानों के संचालकों से चर्चाकर उन्हें सख्त हिदायत दी गईकि दुकानों पर बेचे जाने वाला मटन एवं मछली को व्यवस्थित तरीके से अपनी अपनी दुकानों पर ढ़ककर रखकर साफ सफाई व स्वच्छता का वातावरण बनाए रखें,जिससे किसी भी प्रकार की गंदगी व दूषित माहौल निर्मित ना होने पाए, साथही महत्वपूर्ण निदेश देते हुए सभी दुकानदारों को निर्देशित कियाकि शासन के निर्देशानुसार 15 जून से 15 अगस्त तक नदी तालाबो से मछली पकड़कर बेचना पूर्णतःप्रबंधित रहेगी,यदि कोई मछली विक्रेता दुकानदार शासन के नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है ,तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के साथसाथ चालानी कार्यवाही भी की जावेगी।

## गोटेगांव विधायक पहुंचे हरिभूमि कार्यालय
## जनता ने बहुत बड़ी जीत दी : महेंद्र नागेश

**हरिभूमि, जबलपुर।**



मप्र में विधानसभा के बाद लोकसभा के चुनाव खत्म हो गये हैं,आचार संहिता भी खत्म हो गई है, ऐसे में अब जीते हुए जनप्रतिनिधियों से लोगों की अपेक्षा बढ़ गई है कि वह जिन वादों को जनता से करके जीतकर आये हैं, वह पूरे करे । हमारी भी प्राथमिकता यही है। यह कहना है नरसिंहपुर जिले की गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेंद्र नागेश का। हरिभूमि कार्यालय पहुंचे महेंद्र नागेश ने कहा कि गोटेगांव की जनता ने उन्हें बहुत बड़ी जीत दी है। लगभग 50 हजार मतों से मुझे जिताया है, मेरा भी कर्तव्य है कि मैं उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरूं। इसके लिए प्रयास भी शुरू कर दिये गये हैं।

### महाविद्यालय का उन्नयन

विधायक नागेश ने कहा कि मेरी सबसे पहली प्राथमिकता में गोटेगांव का महाविद्यालय है। बीते अनेक वर्षों से इस महाविद्यालय में विज्ञान विषय की कमी देखी जा रही है। मात्र कला एवं वाणिज्य संकाय ही हैं। विज्ञान और गणित संकाय लेकर पढ़ने वाले बच्चों को जबलपुर या नरसिंहपुर जाना पड़ता है। जिसमें खासतौर से बच्चियों को खासी परेशानी हो रही है।

### गौशाला का निर्माण

गोटेगांव विधानसभा में शासकीय भूमि की कमी नहीं है, सड़कों पर आवारा गाय न फिरे इसके लिए गौ अभ्यारण्य बनाने का प्रयास किया जायेगा। वैसे तो गौशालाओं के लिए कांग्रेस सरकार में एक योजना आई थी, परंतु उस योजना का क्रियांवयन सही नहीं था। हमारी सरकार ने इसका क्रियावंयन का जिम्मा लिया है, और हम इसे प्राथमिकता से पूरा करेगे।

### जनता और कार्यकर्ताओं का आशीर्वाद साथ है

गोटेगांव विधायक ने अपनी जीत पर कहा कि अब आचार संहिता खत्म हो गई है, प्रदेश ने भाजपा को पूरा सहयोग दिया है। 29 लोकसभा सीटों पर जो आशीर्वाद मिला वह अभूतपूर्व है। हमें भी जनता के वादों पर खरा उतरना है। जो वादे हमने चुनाव के समय किये थे उन वादों को पूरा करना है तो कह सकते हैं कि अब काम करने का समय है और हम काम करके दिखाएंगे, क्योंकि जनता और कार्यकर्ताओं का आर्शीवाद है।

### मुझे बहुत कुछ सीखना है

महेन्द्र नागेश ने कहा कि मैं नया विधायक बना हूं, मुझे बहुत कुछ सीखना है। मैं अपने वरिष्ठों से मार्गदर्शन ले रहा हूं। सभी का आर्शीवाद भी मिल रहा है। विधानसभा में कैसे कार्य होते है। इसकी जानकारी तो प्रथम शीतकालीन सत्र में मिल गई थी। इस बार जुलाई से शुरू होने वाले सत्र में मैंने भी प्रश्न लगाये हैं।



### बरमान घाट में श्रमदान कर चलाया स्वच्छता अभियान

**नरसिंहपुर**। जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान जिले में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जिले में नुक्कड़ नाटक, रैली, श्रमदान, स्वच्छता, पौधरोपण आदि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी व कर्मचारी, जनअभियान परिषद और बड़ी संख्या में ग्रामवासी अपना सहयोग दे रहे हैं। इसी क्रम में जिले की ग्राम पंचायत बरमान कला में प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार के मार्गदर्शन मे नर्मदा नदी के तट पर श्रमदान कर घाटों की साफ- सफाई का कार्य किया गया। घाट से मिट्टी, पॉलीथिन और अनावश्यक पड़ी वस्तुओं को हटाकर घाट को स्वच्छ किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दलीप कुमार ने उपस्थित ग्रामीण एवं श्रद्धालुओं से घाटों पर साफ- सफाई रखने एवं पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने की अपील की। साथ ही सभी को स्वच्छता अभियान में बढ़- चढ़कर सहभागिता करने की शपथ भी दिलाई गई।